



# सीधी में क्रिकेट का महाकुंभ : सीधी चैलेंज कप के टीमों की फ्रेंचाइजी वितरित

## कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप -2026 सीजन-9 में सीधी सहित मालदीव, मुम्बई, दिल्ली, रांची, जम्मू-कश्मीर, हैदराबाद, भदोही यूपी की टीमें करेंगी शिरकत

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 दिसम्बर। स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में आगामी 3 जनवरी से होने वाले अखिल भारतीय आमंत्रण अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एवं ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन-9 में भाग लेने वाली टीमों की फ्रेंचाइजी का वितरण अक्षत रेसीडेंसी में सीधी चैलेंज कप स्पोर्ट समिति सीधी के अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया।**






सीधी चैलेंज कप स्पोर्ट समिति के सचिव गुरुदत्त भट्ट ने सीजन-9 टूर्नामेंट में भाग टीम ले रही टीमों एवं मैच प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। समिति के उपाध्यक्ष अजीत सिंह ने टूर्नामेंट के प्रायोजक, सह प्रायोजकों टीम वितरण का संचालन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के कोषाध्यक्ष डॉ.विक्रम सिंह ने किया। कुंवर एवं ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन-9 में इस बार 8 टीमें शिरकत करेंगी। जिनमें सीधी सहित मालदीप, मुम्बई, दिल्ली, रांची, जम्मू-कश्मीर, हैदराबाद, भदोही यूपी शामिल हैं। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी फ्रेंचाइजी का वितरण किया गया। फ्रेंचाइजी का वितरण शाम करीब 8 बजे शुरू होते ही सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव मंजूर किया गया कि हैदराबाद टीम की फ्रेंचाइजी महेश प्रताप सिंह परिहार मोटर्स सीधी को दी जाए। सभी की स्वीकृति के बाद शेष बची 7 टीमों का वितरण सहयोग राशि के आधार पर किया गया। फ्रेंचाइजी वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सीधी चैलेंज कप स्पोर्ट समिति के समिति उपाध्यक्ष अजीत सिंह, सचिव गुरुदत्त भट्ट, विधि सलाहकार अधिवक्ता आर.बी.सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ.विक्रम सिंह, ध्रुवसेन सिंह, अमित सिंह, भूपेन्द्र तिवारी, प्रमोद द्विवेदी, अभिमन्यु सिंह, विकास मिश्रा, दिग्विजय सिंह, सुरेन्द्र द्विवेदी, अभय सिंह, राजेन्द्र सिंह, निपेन्द्र सिंह, सुनील पाण्डेय, पुष्पराज सिंह सोलंकी, मण्डलीक मिश्रा, नीरेज कुन्देर, अवनीन्द्र सिंह का योगदान रहा।

### विजेता टीम एवं फ्रेंचाइजी दोनों को मिलेगा पुरस्कार

सीधी चैंलेज कप सीजन-9 में भाग ले रही क्रिकेट टीमों में से विजेता टीम को 2 लाख का पुरस्कार और उसकी फ्रेंचाइजी को सहयोग राशि का दुगना तथा उपविजेता टीम को 1 लाख व उसकी फ्रेंचाइजी को सहयोग राशि का आधा पुरस्कार दिया जाएगा।

### कुंवर एण्ड ब्रदर्स लगातार चौथी बार बने प्रायोजक

सीधी चैलेंज कप सीजन-6 से टूर्नामेंट के प्रायोजक बने कुंवर एवं एण्ड ब्रदर्स राकेश सिंह बघेल सीजन-7 एवं 8 में भी प्रायोजक रहे हैं। इस बार फिर सीजन-9 के प्रायोजक बन लगातार चौथी बार इस टूर्नामेंट में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

### इन्हें मिली टीमों की फ्रेंचाइजी

सीधी इलेवन की फ्रेंचाइजी टाटा कॉलेज के डायरेक्टर इंजी.आर.बी.सिंह ने ली। राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद महेश प्रताप सिंह परिहार मोटर्स, मालदीव क्रिकेट बोर्ड की टीम केडी ग्रुप, रॉक मेन्स रांची गणेश ग्रुप के डायरेक्टर नीरज शर्मा, जम्मू-कश्मीर वारियर्स अनिल सिंह ददरी, मुंबई क्रिकेट क्लब विनय कुमार सिंह तथा एल बीएन क्रिकेट अकादमी दिल्ली की फ्रेंचाइजी मिली।

### पहली बार सीधी के मैदान में उतरेंगी विदेशी टीम

कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप 2026 सीजन-9 में पहली मर्तबा विदेशी टीम मालदीव के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विदेशी टीम के खिलाड़ियों का मैच लोगों के बीच काफी आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

### टूर्नामेंट का होगा लाइव प्रसारण

छत्रसाल स्टेडियम सीधी में कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप 2026 सीजन-9 के सभी मैचों का लाइव प्रसारण किया जायेगा। जिससे जो क्रिकेट प्रेमी खेल मैदान में किन्हीं कारणों से न पहुंच पायें तो वे लाइव प्रसारण के माध्यम से मैच का लुत्फ आसानी से उठा सकें।

### टूर्नामेंट के आयोजन में इन प्रायोजकों की भी है भूमिका

सीधी चैलेंज कप टूर्नामेन्ट सीजन -9 में जहां मुख्य प्रायोजक कुंवर एण्ड ब्रदर्स के राकेश सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। वही सह प्रायोजकों की भूमिका सराहनीय है। सह प्रायोजकों में सिक्सर के प्रायोजक हर्ष ट्रेडर्स, रिया बैट्री के संचालक संतोष सिंह, चौका के पापा आटोमोटिव, मैन ऑफ द मैच के प्रताप मार्बल, विकेट के अनिल इन्टरप्राइजेज सुनील भूर्तिया, बालिंग एवं बैटिंग इण्ड के राजेन्द्र मोटर्स राजेन्द्र सिंह एवं ओम सांई ट्रेडर्स हैं। इसके अलावा मैन आफ द मैच, गेट, ड्रिंकिंग ट्राली आदि के भी सह प्रायोजक हैं।

### मैच को लेकर लोगों में काफी उत्साह : डॉ.अनूप



सीधी चैलेंज कप स्पोर्ट समिति सीधी के अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा ने कहा कि उक्त आयोजन को लेकर जिलेवासियों में काफी उत्साह है। लोग फोन करके पूंछ रहे हैं कि क्या सहयोग कर सकते हैं। आयोजन की भव्यता को लेकर तैयारियां चल रही हैं।

### भव्यतापूर्ण होगा आयोजन : राकेश सिंह



सीधी चैलेंज कप सीजन-9 के प्रायोजक कुंवर एण्ड ब्रदर्स राकेश सिंह बघेल ने कहा कि उक्त टूर्नामेंट को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में व्यापक उत्साह है। लोगों के उत्साह को देखते हुये इस सीजन में भी भव्यतापूर्ण आयोजन होगा।

# खेल अनुशासन और एकजुटता को आगे बढ़ाता है : ज्ञान

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 दिसम्बर। ग्राम बरहाई में आयोजित स्वर्गीय भूपेंद्र बहादुर सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मुकाबला उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।**



टूर्नामेंट का फाइनल मैच ग्राम खाम्ह एवं ग्राम बरहाई की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्राम खाम्ह की टीम विजेता बनी, वहीं ग्राम बरहाई की टीम उपविजेता रही। समारोह को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, सहयोग और सकारात्मक सोच सिखाने का सशक्त जरिया है। खिलाड़ियों को हार-जीत से ऊपर उठकर अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना चाहिए। उक्त प्रतियोगिता के आयोजक एड अशोक पनिका रहे।

# जिला आपूर्ति अधिकारी ने उपार्जन केन्द्र बड़खरा का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 दिसम्बर। जिला आपूर्ति अधिकारी प्रियल यादव ने आज उपार्जन केन्द्र बड़खरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही उनके द्वारा वहां मौजूद किसानों से भी सीधा संवाद कर जानकारी ली गई।**

जिला आपूर्ति अधिकारी प्रियल यादव धान खरीदी के दौरान सीधी जिले में बनाये गये उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में पूरी जानकारी हांसिल कर रही हैं।



निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा धान की फसल बेंचने आये किसानों से सीधा संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली जा रही है। यदि किसानों के समक्ष कोई समस्याएं है तो उसका निराकरण भी तत्परतापूर्वक सुनिश्चित करा रही हैं।

### इनका कहना है

जिले के उपार्जन केन्द्रों का उनके द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। अभी तक 30 उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया जा चुका है। उपार्जन केन्द्र बड़खरा में उनके द्वारा व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई, साथ ही किसानों से संवाद भी किया गया। उनके द्वारा सभी उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को पूर्व में ही निर्देशित किया गया है कि किसानों से एक बोरी में 40 किलो 800 ग्राम से ज्यादा न लिया जाय। उपार्जन केन्द्र बड़खरा में सभी व्यवस्थाएं अच्छी थीं। केवल परिवहन को लेकर दिक्कतें हैं। उनके द्वारा आज उपार्जन केन्द्र लकोड़ा का निरीक्षण किया गया। यहां सोनपरी स्वसहायता समूह द्वारा किसानों से एक बोरी में 41 किलो 200 ग्राम धान ली जा रही है। जिसको लेकर नोटिस उक्त समूह को जारी किया गया है।

**प्रियल यादव, जिला आपूर्ति अधिकारी सीधी**

# एसआईआर 2026 : जिले में प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन

## दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया 23 से प्रारंभ, अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 दिसम्बर। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण के जारी कार्यक्रम अनुसार दिनांक 23.12.2025 को जिले की 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो में 1312 मतदान केन्द्रों पर निर्वाचक नामावली का प्रारुप प्रकाशन किया गया। उक्त के संबंध में बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी सीधी के निर्देशन में तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सीधी की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि तथा संबंधित अधिकारी उपस्थिति रहे।**



बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावलियों के प्रारूप प्रकाशन किए जाने की जानकारी दी गई तथा अवगत कराया गया कि आमजन प्रारूप निर्वाचक नामावली का अवलोकन मतदान केन्द्र पर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण ऑफिस, अन्य अभिहित स्थलों पर कर सकते है तथा उनका नाम होने की पुष्टि भी कर सकते है। यह प्रारूप निर्वाचक नामावली मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर सर्च सुविधा के साथ उपलब्ध है। अनुपस्थित/स्थानांतरित/मृत/दोहरी प्रविष्टि वाले निर्वाचकों के नाम प्रारूप निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नही है, की सूची का प्रदर्शन भी सीईओ की वेबसाइट पर किया गया है तथा संबंधित पंचायत भवन/शहरी क्षेत्र में संबंधित नगरीय निकाय के सूचना पटल पर तथा संबंधित जनपद पंचायत के कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की गई है।

गहन पुनरीक्षण कार्यवाही के दौरान जिले की 4 विधानसभा में मृत मतदाताओं की संख्या 15050, अनुपस्थित मतदाताओं की संख्या 7415, स्थानांतरित मतदाताओं की संख्या 39720, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की संख्या 5443 एवं अन्य कारणों से अप्राप्त गणना पत्रक वाले मतदाताओं की संख्या 376, इस प्रकार कुल एएसडीआर 68004 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित हुए है, जिनकी सूची पूर्व में मतदान केन्द्रवार बीएलओ/बीएलए बैठक में साझा की गयी थीं। पुन: जानकारी दी गई कि प्रारूप निर्वाचक नामावली के प्रकाशन उपरांत दावे आपत्तियों को प्रस्तुत करने का कार्य 23.12.2025 से 22.01.2026 तक किया जाएगा। साथ ही 23.12.2025 से 14.02.2026 तक गणना फॉर्मो की जांच के आधार पर नोटिस जारी करने तथा दावे अपत्तियों का निराकरण का कार्य होगा।

सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रारूप निर्वाचक नामावली की एक हार्ड कॉपी तथा एक प्रति सीडी में उपलब्ध करायी गयी है, साथ ही मतदान केन्द्रों की सूची भी प्रदाय की गई है। उपस्थित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली में छूटे हुए पात्र निर्वाचकों के नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रपत्र-6, अयोग्य व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली से हटाने हेतु प्रपत्र-7 एवं प्रविष्टि में सुधार आदि के लिए प्रारूप-8 में आवेदन करने में आमजन का सहयोग करें।

# सोमालोब का बघेली महोत्सव आज

**सीधी 23 दिसम्बर।** बघेली साहित्य संस्कृति और बघेली लोक कला के उन्नयन हेतु संचालित संस्था सोंधी माटी लोनी बघेली यानी सोमालोब साहित्यिक मंच सीधी का 8वां वार्षिक सम्मेलन 24 दिसम्बर को स्थानीय रोली मेमोरियल में दोपहर 2 बजे से होगा। यह बघेली महोत्सव दो सत्रों में होगा। प्रथम सत्र में उद्घाटन, सम्मान समारोह और पुस्तक विमोचन तथा दूसरे सत्र में विराट कवि सम्मेलन, लोकगीत और लोक कला की प्रस्तुति होगी। सोमालोब के संस्थापक अध्यक्ष एवं बघेली साहित्यकार डॉ.श्रीनिवास शुक्ल सरस ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगदगुरु परमहंस आचार्य अयोध्या धाम के पधारने की स्वीकृति मिल चुकी है। बघेली महोत्सव की गरिमामय अध्यक्षता विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक करेंगी। वहीं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रमोहन गुप्त, प्रमुख वक्ता इंद्रशरण सिंह चौहान समाज सेवी तथा विशेष अतिथि के रूप में एपीएस रीवा के प्राध्यापक डॉ. अनुराग मिश्र मंचासीन रहेंगे।

# बजरंग दल ने किया इस्लामिक जिहाद का पुतला दहन

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 दिसम्बर। बजरंग दल द्वारा इस्लामिक जिहाद का पुतला दहन शैलेन्द्र सिंह विभाग संयोजक, मुख्य मार्गदर्शन गणेश सिंह जिला अध्यक्ष व पुजेरी लाल मिश्र की विशेष उपस्थित में किया गया।**



शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में सता परिवर्तन के बाद इस्लामी जिहादी गतिविधियां निरंतर बढ़ती जा रहीं हैं और उनके निशाने पर हिंदूओं के मंदिर, व्यावसायिक केन्द्र, महिलाएं, संपत्ति, शासकीय कर्मचारी, पत्रकार ही रहते हैं। हिन्दू प्रताड़ना की वीभत्स घटनाएं प्रति सप्ताह होती रहती हैं। परंतु गत सप्ताह मेमनसिंह जिले के भालुका में ऐसी घटना हुई है जिसने पूरी मानवता को लज्जित किया है। एक सामान्य हिंदू श्रमिक दीपू दास पर ईशनिंदा का झूंठा आरोप लगाया गया। एक अनौपचारिक बातचीत में दीपू दास ने ईश्वर के एक होने और उसके विभिन्न नाम होने की बात कही जिसमें कुरान, इस्लाम या अल्लाह का कोई संदर्भ नहीं था। इसे मनमाने ढंग से ईशनिंदा का रूप देकर उसे प्रताड़ित किया गया। जिहादी तत्व यहीं नहीं रुके और एक बड़ी भीड़ ने पीट पीट कर उसकी नृशंस हत्या कर दी। आतंक फैलाने के लक्ष्य से दीपू की मृत देह को पेड़ से लटका कर जलाया और इन सब हिंसक बर्बर घटनाओं के वीडियो सोशल मीडिया में तत्काल प्रसारित किए गए। यह सारा घटनाक्रम पुलिस प्रशासन की आंखों के सामने हुआ और उन्होंने इसे रोकने की कोई चेष्टा नहीं की। बांग्लादेश का पूरा प्रशासन और समाज हिंसक और बर्बर इस्लामी जिहादी तत्वों के हिंदू विरोधी नंगे नाच पर मौन साधे हुए है और निष्क्रियता से उन्हें प्रोत्साहित ही कर रहे हैं। यह निर्णय किया गया है कि ऐसी बर्बर जिहादी हिंसा और प्रशासनिक निष्क्रियता की निंदा करने, हिंदू विरोधी हिंसा पर रोक लगाने, इनके अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही कर उन्हें सजा देने और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लिए भय और शोषणमुक्त वातावरण बनाने की मांग में प्रदर्शन आयोजित किए। बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी के साथ समस्त कार्यकर्ता व हिन्दू समाज प्रदर्शनों में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख धीरेस मिश्र ने दी।



# जिले के 3 वूशु खिलाड़ी फेडरेशन कप के लिये राजनांदगांव रवाना

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 दिसम्बर। वूशु ट्रेनिंग सेंटर पुलिस लाईन सामुदायिक भवन सीधी के 3 वूशु खिलाड़ी 9वें फेडरेशन कप वूशु चैंपियनशिप 2025 जो कि संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनंदगांव छ.ग. में 24 से 30 दिसंबर होगा।**

रवाना होने वाले खिलाड़ी अनीशा यादव, पवन यादव, बालकुमार लोनिया है। ये खिलाड़ी मानिंद शेर अली खान जिला खेल प्रशिक्षक खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी द्वारा वूशु ट्रेनिंग सेंटर पुलिस लाईन सामुदायिक भवन सीधी में एसपी व एएसपी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीधी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित किया जाता है। इनको वहां अच्छे प्रदर्शन मेडल कर मेडल अर्जित करने की ईश्वर से प्रार्थना करते हुए रवाना किया। इस दौरान उमेश सिंह, शैलेंद्र सिंह चौहान, विक्रम सिंह, शिवम जायसवाल, शिवम कुशवाहा, निखिल खातिक, सपना सोंधिया, असलान शेर अली खान, आदित्री सिंह, आविष्क सिंह, कृष गुप्ता, आयुष विश्वकर्मा, अवनी मिश्रा, ओम गिरी, ओम केवट, अंबर सेना आदि ने बधाई प्रेषित की।

# वैष्णवी गार्डन सीधी में भव्य रूप से आयोजित हुई मिसेस लिनेस प्रतियोगिता

## डॉ.बीना मिश्रा बनी लिनेस क्लब की एरिया ऑफिसर, वर्षा सिंह बनीं सीधी की पहली मिसेस लिनेस, 36 लिनेस बहनों को मिला बेहतरीन कार्य करने के लिए लिनेस अवार्ड



नवभारत न्यूज

**सीधी 23 दिसम्बर। वैष्णवी गार्डन सीधी में लिनेस क्लब कामाख्या द्वारा आयोजित मिसेस लिनेस प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन भव्यता, गरिमा और सांस्कृतिक विविधता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया, तत्पश्चात रंगारंग प्रस्तुतियों और पारंपरिक परिधानों की झलक ने सभी का मन मोह लिया।**

कार्यक्रम में डॉ.बीना मिश्रा को उनके उत्कृष्ट सामाजिक एवं संगठनात्मक योगदान के लिए लिनेस क्लब की एरिया ऑफिसर नियुक्त किया गया, वहीं डॉ.सुनीता तिवारी को लिनेस कामाख्या क्लब सीधी की चेयरपर्सन बनाए जाने की घोषणा की गई। जिसका उपस्थित सदस्यों ने तालियों के साथ स्वागत किया। मिसेस लिनेस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीमती वर्षा सिंह ने निर्णायकों का दिल जीतते हुए सीधी की पहली मिसेस लिनेस का गौरवपूर्ण खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता की निष्पक्ष एवं प्रभावी जजिंग के लिए दिल्ली से वरिष्ठ पत्रकार सुरभि सप्रू, रीवा से प्रसिद्ध सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ऋतिका द्विवेदी तथा सीधी से नेहा कुंदेर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। समारोह के दौरान समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं संगठनात्मक गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 36 लिनेस बहनों को लिनेस अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम में अतिथि रूप में सावित्री मिश्रा, मीना गुप्ता, भारती सिंह, सरोज सिंह, मीना सिंह, अपर्णा त्रिपाठी, एड.स्नेहलता तिवारी, पूनम सोनी, एड.सुनीता तिवारी एवं रमेश अग्रवानी की गरिमामयी उपस्थिति रही। मीनाक्षी द्विवेदी के संचालन ने कार्यक्रम में समा बांध दिया।

### देश की विविध संस्कृतियों की दिखी अनुपम झलक

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषाओं की प्रस्तुति रही। उ.प्र. की पारम्परिक गोपिड्रेस में श्रीमती अंजू शर्मा एवं श्रीमती रचना राजे सिंह आकर्षण का केन्द्र रहीं। राजस्थानी संस्कृति को दर्शाती राजस्थानी वेशभूषा में श्रीमती ऋचा सिंह एवं श्रीमती ऋतु सिंह ने अपनी प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। बनारसी साड़ी में श्रीमती उर्मिला गुप्ता, श्रीमती रागिनी सिंह एवं श्रीमती रचना मिश्रा ने हथकरघा की गरिमा को मंच पर जीवंत किया। चंदेरी साड़ी में श्रीमती शर्मिला सिंह, श्रीमती विभा सिंह एवं श्रीमती सालिनी त्रिपाठी पाठक ने सादगी और सौंदर्य का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। महाराष्ट्रीयन साड़ी में श्रीमती मीनाक्षी द्विवेदी एवं श्रीमती रश्मि सोनी ने क्षेत्रीय संस्कृति को सशक्त रूप में दर्शाया। महेश्वरी साड़ी में श्रीमती रेखा स्वरूप ने पारम्परिक कला की उत्कृष्ट झलक पेश की। पंजाबी वेशभूषा में श्रीमती भावना भसीन, श्रीमती रेनू सिंह एवं श्रीमती पूनम द्विवेदी ने मंच को ऊर्जा से भर दिया। केरल की दक्षिण भारतीय साड़ी में श्रीमती वर्षा सिंह एवं श्रीमती तारा तिवारी ने सादगी और सौम्यता का सुन्दर परिचय दिया। गुजराती साड़ी में श्रीमती अंजू सिंह एवं श्रीमती सुनीता सिंह ने पारम्परिक परिधान की भव्यता को प्रस्तुत किया। साउथ सिल्क साड़ी में श्रीमती आराधना सिंह एवं श्रीमती नीतू गुप्ता ने रेशमी वैभव को मंच पर उतारा। बंगाली साड़ी में डॉ.सुनीता तिवारी एवं श्रीमती नीलम अंसारी ने बंगाल की संस्कृति की छवि उकेरी। सिंधी सलवार-कुर्ती में श्रीमती कोमल आहूजा ने विशिष्ट प्रस्तुति दी। कलमकारी साड़ी में डॉ.विश्वता पाण्डेय एवं डॉ.प्रेरणा पाठक ने हस्तकला की बारीकियों को दर्शाया। कांजीवरम साड़ी में श्रीमती नम्रता सिंह एवं श्रीमती भारती सिंह ने दक्षिण भारतीय वैभव को प्रस्तुत किया। दक्षिण भारतीय लहंगा में श्रीमती नीति केशरवानी आकर्षण का केन्द्र रहीं। असमिया साड़ी में श्रीमती सपना सिंह, डॉ.रंजना शुक्ला एवं डॉ.बीना मिश्रा ने उत्तर-पूर्व की संस्कृति को जीवंत किया। बंधनी साड़ी में श्रीमती विनीता मिश्रा ने रंगों की परम्परा को मंच पर उतारा। उत्तराखंडी वेशभूषा में श्रीमती पूनम तिवारी ने पर्वतीय संस्कृति की सादगी को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया।